web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 03 सितम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 334

## अयोध्या विवादः सुनवाई का 17वां दिन, मुस्लिम पक्ष रख रहा दलीलें

**नई दिल्ली।** राम मंदिर-बाबरी मस्जिद मामले की सुनवाई लगभग आधी पूरी हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट आज से मुस्लिम पक्ष की दलीलें सुन रहा है। सुनवाई शुरू होने पर सबसे पहले मुस्लिम पक्ष के वकील राजीन धवन को मिले धमकी भरे पत्र का जिक्र आया। चीफ जस्टिस ने कहा कि वह इसपर कल सुनवाई करेंगे। बता दें कि इससे पहले कोर्ट ने 16 दिन तक हिंदू पक्ष की दलीलें सुनी थीं। हिंदू पक्ष की तरफ से रामलला विराजमान और निर्मोही अखाड़ा ने अपना पक्ष रखा था। अयोध्या मामले में मुस्लिम पक्ष सोमवार को क्या दलीलें रख रहा है।

**राजीव धवन ने मांगी माफी-** मैं अपनी दलीलें शुरू करने से पहले माफी मांगना चाहता हूं। मैं मीडिया में अपनी टिप्पणियों और वरिष्ठ वकील पीएन मिश्रा पर की गई टिप्पणियों के लिए भी माफी मांगता हूं। सभी जगह यह महसूस किया जा रहा है कि मैं चिड़चिड़ा होता जा रहा हूं। धवन ने यह माफी बीच में टोका-टाकी के लिए मांगी है।

**धवन को शुक्रवार का ब्रेक-** धवन ने कोर्ट से सप्ताह के बीच मे बुधवार को खुद के लिए ब्रेक की मांग की। धवन ने कहा कि उनके लिए लगातार दलीलें देना मुश्किल होगा। इसपर चीफ जस्टिस ने कहा कि इससे कोर्ट को परेशानी होगी। आप चाहे तो शुक्रवार को ब्रेक ले सकते हैं। इसपर धवन ने सहमति जताई।

**सुन्नी वक्फ बोर्ड के वकील राजीव धवन की परिक्रमा पर दलील-** मेरे मित्र वैद्यनाथन ने अयोध्या में लोगों द्वारा परिक्रमा करने संबंधी एक दलील दी। लेकिन कोर्ट को मैं बताना चाहता हूं कि पूजा के लिए की जाने वाली भगवान की परिक्रमा सबूत नहीं हो सकती। यहां इसे लेकर इतनी दलीलें दी गई लेकिन इन्हें सुनने के बाद भी मैं ये नहीं दिखा सकता कि परिक्रमा कहां है। इसलिए यह सबूत नहीं है।

**राजीव धवन, सुन्नी वक्फ बोर्ड-** परिक्रमा पूजा का एक प्रकार है जिस बारे में हिंदू पक्षकार ने दलील थी, लेकिन वह साक्ष्य नहीं हो सकता। उन्होंने ( हिंदू पक्षकारों) आक्रमण पर दलील दी है। मैं उसमें नहीं जाना चाहता। मैं आक्रमण की दलील को खारिज करता हूं। दूसरे पक्षकार यानी हिंदू पक्षकारों में से किसी ने भी तथ्य पर जिरह नहीं की। सिर्फ रंजीत कुमार (गोपाल सिंह विशारद के वकील) ने तथ्य पर दलील दी है।

**राजीव धवन, मुस्लिम पक्ष-** जस्टिस एसए नजीर ने सवाल किया था कि क्या गॉड की संपत्ति हो सकती है। मैं जजमेंट का रेफरेंस देना चाहता हूं। कानून में साफ है कि एक बार संपत्ति अगर वक्फ की तय हो जाए तो संपत्ति का मालिकाना हक सर्वशक्तिमान को चला जाता है।

**20 दिन में होंगी मुस्लिम पक्ष की दलीलें पूरी?**

सुन्नी वक्फ बोर्ड की तरफ से वरिष्ठ वकील राजीव धवन दलीलें रखेंगे। उन्होंने कहा था कि वह अपनी दलीलों के लिए 20 दिन का समय लेंगे। अगर धवन इतना समय लेते भी हैं तब भी सुप्रीम कोर्ट के पास एक महीने से ज्यादा का समय फैसला लेने के लिए बचेगा।

**हिंदू पक्ष ने रखीं दिलचस्प दलीलें**

16 दिन की सुनवाई में हिंदू पक्ष (रामलला विराजमान और निर्मोही अखाड़ा) के वकीलों ने अपनी बात को पूरी प्रमाणिकता के साथ रखने की भरसक कोशिश की है। सुनवाई के दौरान दिलचस्प दलीलें भी रखी गईं। कभी रामलला को नाबालिग बताया गया तो कभी मालिकाना हक



के सबूत डकैती में लुटने की बात भी सामने आई। सुप्रीम कोर्ट ने भी राम के वंशजों के बारे में पूछकर हलचल मचा दी। सुनवाई के पहले दिन ही हिंदू पक्ष ने यह दलील रखी। निर्मोही अखाड़े के वकील सुशील जैन ने कहा कि विवादित भूमि पर 1949 के बाद से नमाज नहीं हुई इसलिए मुस्लिम पक्ष का वहां दावा ही नहीं बनता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### महाराष्ट्र सहित देशभर में गणेश चतुर्थी की धूम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जैसा की हम जानते हैं कि भारत देश हर तीज-त्यौहारों को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मानने वाला देश है। इसी तर्ज पर 2 सितंबर यानी आज देशभर में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व मनाया जा रहा है। चारों ओर गणेश चतुर्थी की धूम मची हुई है। भगवान गणेश के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला गणेश चतुर्थी का यह पर्व महाराष्ट्र में बड़ी ही मान्यता के साथ मनाया जाता। लेकिन अब आलम यह है कि गणेश चतुर्थी उत्तर भारत से लेकर देश के और भी कई हिस्सों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोमवार सुबह बधाई दी। देशभर में गणपति का स्वागत धूमधाम से किया जा रहा है। चाहे बात महाराष्ट्र की करें या फिर दिल्ली की, हर कोई गणेश चतुर्थी के पहले दिन काफी खुश दिखाई दे रहा है। कर्नाटक के बंगलूरू में स्थित एक मंदिर में नौ हजार नारियल से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाई गई है। मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर में गणेश चतुर्थी के मौके पर ककड़ आरती की जा रही है। मुंबई में गणेश प्रतिमा लाल बाग के राजा के दर्शन शुरू हो गए हैं। भारी मात्रा में लोग भगवान के दर्शन के लिए आए हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में लोग भगवान गणेश के दर्शन करने के लिए एकत्रित हुए हैं।

### बुज़ुर्ग को फ्रिज में भरकर अगवा कर ले गया नौकर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में हाई प्रोफाइल किडनैपिंग का मामला सामने आया है. यहां एक नौकर ने कथित रूप से अपने बुज़ुर्ग मालिक को बेहोश कर फ्रिज में रखकर किडनैप करके ले गया. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, वह शख्स बीते डेढ़ साल से बुजुर्ग के यहां नौकरी कर रहा था. पड़ोसियों के अनुसार, 91 साल के कृष्ण खोसला की डांट फटकार से वह काफी नाराज रहा करता था. पुलिस की कई टीमें दोनों की तलाश में लगी हुई हैं. शुरुआती जांच में ऐसा माना जा रहा है कि नौकर ने नाराज हो कर यह कदम उठाया है.

### केन्या में बाढ़ से पांच भारतीय पर्यटकों की मौत

**नाइवाशा।** केन्या में नाइवाशा शहर के पर्यटक रिसॉर्ट में बाढ़ रविवार को पर्यटकों की वैन बहने से पांच भारतीय पर्यटक और एक केन्याई टूर गाइड की मौत हो गयी। रिफ्ट वैली के क्षेत्रीय पुलिस कमांडर मार्कस ओचोला ने हेल्स गेट नेशनल पार्क में हुयी इस घटना की पुष्टि की है। ओचोला ने कहा, गाइड आसपास के मौसम का सही अनुमान नहीं लगा सके। वे इस बात को जानते थे कि बाढ़ का पानी ऊंचाई वाले क्षेत्रों से निकलता है लेकिन वह इसका आंकलन नहीं कर सके। हम वहां संभावित लोगों की तलाश कर रहे है। अधिकारियों के अनुसार यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न चार बजे के आसपास हुयी। ओलोचा ने कहा कि तलाश और बचाव का कार्य जारी है लेकिन बाढ़ के पानी का स्तर ऊंचा होने के कारण बचाव कार्य अपेक्षाकृत धीमा है। पर्यटन और वन्यजीव मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ में पर्यटकों के डूबने की आशंका है, जबकि अन्य लोगो बचा लिया गया है।

### भारतीय राजनयिक से कुलभूषण जाधव की मुलाकात, दो घंटे चली मीटिंग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में 3 साल से अधिक वक्त से बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव की मुलाकात भारतीय राजनयिकों से खत्म हो गई है। यह मुलाकात एक सबजेल में कराई गई और निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से अधिकारियों को उनसे मिलने दिया गया। इस बीच खबर है कि पाकिस्तान ने मुलाकात की जगह ही बदली। पहले भारतीय राजनयिक गौरव अहलुवालिया की मीटिंग पाक विदेश मंत्रालय के मुख्य ऑफिस में तय की गई थी, लेकिन पाकिस्तान ने शरारत करते हुए किसी अज्ञात स्थान पर मीटिंग की बात कही है।

## पुंछ में पाक सेना ने की भारी गोलीबारी, दागे मोर्टार, एक जवान शहीद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों का बाज आने का नाम नहीं ले रहा है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर की सीमा पर पाक की ओर से भारी गोलीबारी की गई और मोर्टार दागे गए हैं जिसमें एक एक भारतीय जवान शहीद हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान रविवार की दोपहर से युद्ध विराम का उल्लंघन कर रहा है। वहीं भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भी खासा नुकसान पहुंचा है।

इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने रविवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए अकारण ही गोलीबारी की। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि दिन में करीब एक बजे पाकिस्तानी सेना ने बिना किसी उकसावे के अकारण ही गोलीबारी की। इस गोलीबारी में छोटे हथियारों और मोर्टारो का




इस्तेमाल किया गया था। वहीं शुक्रवार को पाकिस्तान ने गुरेज राजौरी सेक्टर में संघर्षविराम का उल्लंघन किया था जिसमें पांच मकान नष्ट हो गए थे।

इस साल के प्रथम आठ महीनों में भारतीय सेना द्वारा 139 आतंकवादी मारे गए हैं। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस संख्या में नियंत्रण रेखा के साथ-साथ राज्य के भीतरी इलाकों में सेना के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या भी शामिल है। ये आंकड़े एक जनवरी से 29 अगस्त तक सेना द्वारा मारे गए आतंकवादियों की संख्या के बारे में हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गणेश चतुर्थी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गणेश चतुर्थी के मौके पर सभी लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर अपने बधाई संदेश में



गणपति बप्पा मोरया लिखा और सभी देशवासियों को पावन पर्व गणेश चतुर्थी की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि गणेश चतुर्थी का त्योहार देशभर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । इस दिन घरों एवं सामुदायिक पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिभा स्थापित की जाती है।

## चाकू लेकर संसद में घुसने की कोशिश कर रहा था युवक, हिरासत में लिया गया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने संसद भवन के गेट नंबर-1 पर चाकू लेकर भीतर घुसने की कोशिश कर रहे एक युवक को पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि यह शख्स बाइक पर सवार होकर यहां पहुंचा था और हाथ में चाकू लेकर संसंद भवन में प्रवेश करने जा रहा था लेकिन इससे पहले ही सुरक्षाबलों ने उसे दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया।

बताया जा रहा है कि संदिग्ध व्यक्ति जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम का समर्थक है। संसद की सुरक्षा सेंध लगाने की कोशिश कर रहे युवक को दिल्ली पुलिस संसद भवन थाने लेकर गई है और उससे पूछताछ की जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, युवक की पहचान सागर इंसां के रुप में हुई है जो दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में रहता है। आरोपी राम रहीम के समर्थन में नारे लगा रहा था। फिलहाल पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। युवक स्प्लेंडर बाइक से संसद भवन तक पहुंचा था जिसका नंबर डीएल 13 एसयू 9307 है। उसकी बाइक को भी बरामद कर लिया गया है। संसद में वह किसलिए आया था और परिसर के अंदर जाने का क्या उद्देश्य था, इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

## बैरकपुर में टीएमसी कार्यकर्ताओं से झड़प में बीजेपी के 25 कार्यकर्ता घायल

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी और टीएमसी के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा घटनाक्रम सांसद अर्जुन सिंह पर जानलेवा हमले का है। भाजपा ने इसके विरोध में आज राज्य के बैरकपुर जिले में सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बंद का ऐलान किया है। बंद के दौरान भाजपा और टीएमसी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए हैं। इस झड़प में 25 बीजेपी कार्यकर्ताओं के घायल होने की खबर है।

बैरकपुर-बारासात इलाके



में झड़प के बाद स्थिति कुछ तनाव में है। पुलिस के सामने दोनों पार्टियों के समर्थकों ने एक दूसरे गुट के कार्यकर्ताओं को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। रविवार को बीजेपी नेता अर्जुन सिंह पर हमला हुआ था। इसके विरोध में सोमवार को बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र में बीजेपी ने 12 घंटे का बंद बुलाया है।

वहीं रविवार को इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ममता सरकार पर जमकर हमला बोला। नड्डा ने कहा, उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा कार्यालय पर कब्जा करने का प्रयास और भाजपा सांसद अर्जुन सिंह और विधायक पवन सिंह के साथ हुई हिंसा अत्यंत निंदनीय है। ऐसे अवैध तरीकों का सहारा लेकर, टीएमसी पश्चिम बंगाल में फिर से लोकतंत्र के समय की हत्या कर रही है।

गौरतलब है कि रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के काकीनाडा इलाके में भाजपा सांसद अर्जुन सिंह की गाड़ी पर कुछ लोगों और पुलिस ने कथितरूप से लाठीचार्ज कर दिया। जिसमें सांसद के सिर में गंभीर चोटें आई। अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि बैरकपुर के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने उन्हें मारा, जिससे उनके सिर पर चोट लग गई। सिंह को बाद में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

इस दौरान किसी ने पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा को निशाना बनाते हुए देसी बम भी फेंका, जो उनके पास से गुजरा। इसके बाद वर्मा ने हवा में फायर भी किया। जबकि उनके दो जूनियर घायल भी हो गए। बता दें कि रविवार को हुई हिंसा में कुछ पत्रकारों समेत करीब 50 लोग घायल हो गए। इसके बाद इलाके में भारी पुलिसबल तैनात कर दिया गया है।

## तिहाड़ जाने से बचे चिदंबरम, कल सुप्रीम कोर्ट में जमानत पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** सीबीआई की हिरासत में चल रहे पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को फिलहाल तिहाड़ जेल नहीं जाना होगा। आज सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार



तो किया, लेकिन यह भी आदेश दिया कि वो सीबीआई की विशेष अदालत में जमानत अर्जी दाखिल करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई कोर्ट को आज ही जमानत याचिका पर फैसला देना होगा। इसके बाद सीबीआई के वकील तुषार मेहता ने कोर्ट से मामले में आदेश पर पुनर्विचार करने की मांग की। कोर्ट अब मंगलवार को दो बजे मामले की सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को भी आदेश दिया है कि वह चिदंबरम की ओर से गैर-जमानती वॉरंट के खिलाफ दायर याचिका पर अपना जवाब दाखिल करे। पूर्व वित्त मंत्री ने अपने खिलाफ गैर-जमानती वॉरंट दाखिल करने और रिमांड पर भेजने के ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

## थाने में छात्र को निर्वस्त्र कर पीटा, प्राइवेट पार्ट में डाला पाइप

**» एसएचओ सहित 5 पर केस**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी नई दिल्ली में एक बड़ी खबर सामने आई है. दिल्ली विश्वविद्यालय के एक छात्र ने पुलिस पर थाने में निर्वस्त्र कर पीटने और प्राइवेट पार्ट में पाइप डालने का आरोप लगाया है. इस घटना से पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र की जिस थाने में पिटाई की गई थी, उसने उसी थाने में थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है.

जानकारी के मुताबिक, यह सनसनीखेज मामला दिल्ली के आदर्श नगर थाने का है. पीड़ित युवक की माने तो इसी थाने में उसे निर्वस्त्र कर पीटा गया और इसके बाद उसके प्राइवेट पार्ट में प्लास्टिक का पाइप डाल दिया गया. पीड़ित छात्र ने पुलिस की इस बर्बरता को लेकर आदर्श नगर थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ उसी थाने में मामला दर्ज कराया है. वहीं, जिला पुलिस उपायुक्त विजयंत आर्या ने मामले की जांच एसीपी को सौंपी है.

पुलिस ने बताया कि पीड़ित युवक डीयू में लॉ की पढ़ाई कर रहा है. वह फिलहाल तृतीय वर्ष का छात्र है. जानकारी के मुताबिक, बीते 25 अगस्त को हवलदार मोहनलाल और सिपाही सतेंद्र ने साया मोटर्स लालबाग के पास से छात्र के भतीजे समेत तीन लोगों को जबरन उगाही के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था. वह भतीजे की पैरवी करने आदर्श नगर थाने पहुंचे तो थाना प्रभारी एमपी सैनी और पांच अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें कथित तौर पर बंधक बना लिया. छात्र का आरोप है कि इसके बाद पुलिसकर्मियों ने निर्वस्त्र कर उन्हें पीटा और प्राइवेट पार्ट में प्लास्टिक की पाइप डाल दी थी.

## विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान की कॉकपिट में वापसी, एयरफोर्स चीफ के साथ उड़ाया मिग- 21

**नई दिल्ली/पठानकोट।** पाकिस्तान के स्न-16 लड़ाकू विमान को गिराने वाले विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान की आखिरकार आसमान में वापसी हो गई। पाकिस्तान की हिरासत से छूटने के छह महीने बाद सोमवार को इस जाबांज पायलट ने वायुसेना प्रमुख बीएस धनोआ के साथ मिग-21 में उड़ान भरी। बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तानी विमानों को खदेड़ने और स्न-16 जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान को मार गिराने वाले अभिनंदन को स्वतंत्रता दिवस पर वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान विंग कमांडर अभिनंदन एक बड़ा चेहरा बने थे। अभिनंदन के भारत लौटने के बाद उनके दोबारा विमान उड़ाने पर सस्पेंस बन गया था। हालंकि तब एयरफोर्स चीफ धनोआ ने साफ किया था कि मेडिकल फिटनेस के बाद अभिनंदन दोबारा विमान उड़ाएंगे। पिछले महीने आईएएफ बेंगलुरु के इंस्टिट्यूट ऑफ ऐरोस्पेस मेडिसिन ने अभिनंदन वर्तमान को दोबारा उड़ान भरने की मंजूरी दे दी थी। इस मंजूरी से पहले उनकी मेडिकल जांच की गई और वह इस जांच में पूरी



तरह पास हो गए।

याद रहे कि 14 फरवरी को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 से ज्यादा जवान शहीद हो गए थे। भारत ने उसका बदला पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर लिया। 27 फरवरी को भारतीय सीमा में घुस आए पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों का मिग-21 बाइसन से पीछा करते हुए अभिनंदन एलओसी पार कर गए थे और पाकिस्तानी फाइटर प्लेन स्न-16 को मार गिराया था।

इस दौरान उनका विमान क्रैश हो गया था और वह पैराशूट से नीचे उतरे थे, लेकिन पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में उतरने के चलते वह पाक सेना की कैद में पहुंच गए थे। वर्तमान को जब पाकिस्तानी सेना ने पकड़ा था तब उन्होंने अदम्य साहस का परिचय दिया, जिसकी आज भी तारीफ की जाती है। उन्हें इसके लिए स्वतंत्रता दिवस पर वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।